# पकी फसल और किसानों की उम्मीद पर फिरा पानी

## लगातार बारिश होने से खेतों में भरा पानी, पककर कटने को तैयार और कटी पड़ी फसल को भारी नुकसान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 अक्टूबर. इस साल भी अन्नदाता किसानों के साथ प्रकृति क्रूर मजाक कर रही है. जब फसलों को पानी की जरूरत थी तब बादलों ने चुप्पी साध रखी. जैसे- तैसे फसल पककर कटने को तैयार हुई वैसे ही बादलों ने बरसते हुए किसानों के ऊपर वज्रपात सा कर दिया है. बारिश के चलते खेतों में पानी भरा गया है. फसलों के गलने के हालात निर्मित हो गए हैं. ऐसे में किसान मायूस होकर अपनी बदकिस्मती को कोसने के सिवा क्या कर सकते हैं.**



इस साल सोयाबीन की अच्छी पैदावार की संभावना किसान जता रहे थे, लेकिन कटाई के दौरान हो रही बारिश से किसानों की उम्मीद पर पानी फिर गया.लगातार बारिश से खेतों में अब भी पानी भरा हुआ है. ऐसे में कई जगह खेत में ही कटी पड़ी सोयाबीन भीग गई. बारिश के बाद तेज धूप के कारण सोयाबीन की फलियां फूटने और दाना गिरने की आशंका बढ़ गई है.इससे सोयाबीन दागी होने और फली में ही अंकुरित होने की स्थिति बन रही है. ऐसे में किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिलेगा. शनिवार को हुई बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान इछावर क्षेत्र में हुआ है. यहां किसान प्रवेश वर्मा ने 30 क्विंटल सोयाबीन खेत पर पन्नी बिछाकर सुखाने रखी थी. अचानक शनिवार की दोपहर के समय बारिश शुरु हो गई. स्थिति यह बनी कि वह उपज समेट भी नहीं पाए और सूख रही पूरी फसल भीग गई.

नतीजतन पूरा सोयाबीन खराब हो गया. प्रवेश वर्मा ने बताया कि बारिश में भीगने के बाद सोयाबीन फलियों में दाने अंकुरित होने लगे हैं. कहीं-कहीं दाना सफेद होकर फूल गया है. वहीं 30 क्विंटल सोयाबीन दागी होने के साथ ही कलर बदल गया, जो अब मंडी में कम दाम पर बिकेगी. इधर मौसम विभाग का मानना है कि अभी 48 घंटे और अंचल में बारिश हो सकती है. ऐसे में अभी फसलों की तबाही से और इंकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि लगातार बिगड़े मौसम को देखते हुए किसान बारिश थमने और खेतों के सूखने का इंतजार कर रहा है.

### जावर में झूमकर बरसे बादलों ने किया सत्यानाश

जावर. शनिवार शाम क्षेत्र के कई गांवों में हुई तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया. किसान अरविंद सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले हुई बारिश के बाद मौसम साफ होने पर दोबारा कटाई शुरू की थी, लेकिन शनिवार दोपहर 2 बजे के बाद करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई, जिससे खेतों में पानी भर गया. मूंडला के मानसिंह, हरनावदा के गुलाब सिंह और बड़नगर के कुमेर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अब तक 50 से 60 प्रतिशत सोयाबीन की कटाई ही हो पाई है.

## शरद पूर्णिमा पर दीपदान महोत्सव आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सावरकर बालबिहार स्थित बैकुण्ठधाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में आश्विन शुक्ल शरद पूर्णिमा महोत्सव 6 अक्टूबर, सोमवार को भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण जी की तुलसी आराधना एवं श्री महालक्ष्मी जी की कमल गटे अर्पित कर आराधना की जावेगी, पूजन उपरांत मंत्रो के साथ समर्पित कमल गटे भक्तो को प्रदान किये जावेंगे. श्रृंगार दर्शन, मोदक नैवेद्य, महाआरती के आयोजन श्रद्धालु भक्तों द्वारा दीपदान के साथ श्रद्धा भक्ति पूर्वक आयोजित किये जावेंगे. आकाश दीप दान करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है.धर्माधिकारी जी ने बताया कि शरद् पूर्णिमा की रात्रि में रास रासेश्वरी भगवान श्री कृष्ण जी ने बृजमंडल-यमुना जी के पावन तट पर महारास का मनमोहिनी आयोजन किया था.



# आग से जली शादीशुदा महिला ने तोड़ा दम

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण क्षेत्र में 33 वर्षीय शादीशुदा महिला की आग लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर कई प्रकार के गंभीर आरोप लगाए हैं पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इस घटना को लेकर एक शिकायती आवेदन देते हुए इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।**

जानकारी के अनुसार सागर मार्ग पर स्थित बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र के ग्राम अजनौर में आग लगने से एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। अनीता लोधी पत्नी गौरीशंकर लोधी उम्र 33 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई।

मृतका के भाई अमित राजपूत ने एसपी कार्यालय में दिए शिकायती आवेदन में उसकी बहन की हत्या का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। अमित ने बताया कि उसकी बहिन अनीता की शादी करीब 13 वर्ष पहले अजनौर निवासी गौरीशंकर लोधी से हुई थी। शादी के बाद से ही वह पति और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना झेल रही थी। अमित ने आरोप लगाया कि उसकी बहिन का पति गौरीशंकर लोधी शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करता था।

अमित ने बताया कि 3 अक्टूबर को ससुराल में आग लगने से अनीता घायल हो गई थी। ससुराल वालों ने मायके पक्ष को इस घटना के बारे में तुरंत सूचना नहीं दी। ससुराल पक्ष के लोगों ने अनीता को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया हालात गंभीर होने पर उसे झांसी रिफर किया गया जब झांसी में भी उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ तो बाद में ग्वालियर ले जाया गया।

मायके वालों ने घटना की शिकायत एसपी कार्यालय में दर्ज कराई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल को सील कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। वहीं जानकारी मिली है कि इलाज के दौरान अनीता की मौत होने के बाद ससुराल वाले पोस्टमार्टम के लिए राजी नहीं थे। बड़े भाई के दबाव के बाद आज जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अमित राजपूत का कहना है कि यह कोई दुर्घटना नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है और उसकी बहन को जानबूझकर जलाया गया है।

## प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला आज से दो दिवसीय प्रवास पर

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री, राकेश शुक्ला, दो दिवसीय दौरे पर अशोकनगर आ रहे हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार, मंत्री शुक्ला 5 अक्टूबर को शाम 7 बजे अशोकनगर सर्किट हाउस पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। 06 अक्टूबर को उनका व्यस्त कार्यक्रम रहेगा। सुबह 10 बजे वे अग्रवाल पैलेस स्टेशन के पास जेसीआई के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद, मंत्री शुक्ला सुबह 11:45 बजे अशोकनगर से चंदेरी के लिए रवाना होंगे।

## आम किसान यूनियन ने दिया ज्ञापन

### अपनी मांगों को लेकर पंचायत स्तर पर ट्रैक्टर रैली

नवभारत न्यूज

**हरदा, 05 अक्टूबर आम किसान यूनियन द्वारा अपनी मांगो को लेकर प्रत्येक पंचायत स्तर पर ट्रेक्टर रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है.**

इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत भुन्नास, खेड़िनीमा, अबगांव कलां, रेलवा, केलनपुर, खमलाय मैं विशाल ट्रैक्टर रैली निकाल कर ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव महोदय को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया

**आम किसान यूनियन की प्रमुख मांगे** -1 अतिवृष्टि कीट एवं वायरस से नष्ट हुई फसलों का तुरंत सर्वे कर किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाए। नष्ट हुई फसल की अनावरी को सार्वजनिक किया जाए, ताकि किसान बीमा का लाभ भी प्राप्त कर सके। 2. वर्तमान में लागू की गई भावांतर योजना को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए एवं समस्त फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाए। 3. वर्ष 2018 के भावांतर की बकाया राशि जल्द से जल्द किसानों को प्रदान की जाए 4. रासायनिक उर्वरक डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता प्रत्येक पंचायत स्तर पर समिति के माध्यम से ऋणी व अऋणी किसानो को सुलभ की जाए. 5. पंचायत सन्नास्या मे बेसहारा मवेशीयो से किसनो की फसले बर्बाद हो रही है.

## छात्राओं ने लगाई स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अक्टूबर. शासकीय स्वशासीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत इनक्यूबेशन सेंटर एवं विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तत्वाधान की छात्राओं के द्वारा स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई.**



प्रदर्शनी में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया एवं स्वदेशी सामानों की बिक्री एवं खरीदारी पर जोर दिया गया. इस प्रदर्शनी के माध्यम से अपने हाथों के द्वारा बनाई हुई वस्तुओं को बेचा भी गया और उन वस्तुओं के महत्व को भी बतलाया गया. प्रभारी डॉ प्रतिमा खरे के द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय में स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर की स्टार्टअप छात्रों के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट हाथों के द्वारा बनाए हुए हैं और उन्हें बेचने और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है.प्राचार्य के द्वारा स्वदेशी सप्ताह के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई एवं सभी छात्राओं को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य उन्हें स्वदेशी उत्पादों को खरीदने एवं बेचने को कहा गया.

इनक्यूबेशन सेंटर में स्टार्टअप एक्सपर्ट शुभम दुबे द्वारा बताया गया कि कई छात्राएं क्राफ्टिंग एवं स्वदेशी उत्पाद बना रहे हैं और बेच रही हैं. प्रदर्शनी में डॉ रश्मि दुबे, डॉ सरिता जैन, डॉ अर्चना मिश्रा डॉ प्रज्ञा पांडे, डॉ क्रांति लोधी, डॉ अंशु सोनी, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ शैलेंद्र पटेल, महाविद्यालय की स्टार्टअप छात्राएं सुहानी दांगी ,शालिनी दांगी ,रुचि पटेल, विंधेश्वरी अहिरवार, आदि छात्राओं ने हिस्सा लिया.

### एक नजर में




## स्वयंसेवकों ने पथ संचलन के साथ किया पौधारोपण

**बुधनी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा खंड होलीपुरा स्थित महर्षि आश्रम में एक सभा का आयोजन किया गया. ग्राम होलीपुरा में स्वयं सेवकों द्वारा पथ संचलन भी निकाला गया. इस दौरान आरएसएस खंड होलीपुरा द्वारा संघ की शताब्दी वर्ष की तैयारी के अंतर्गत किए गए कार्यों और उसकी विचारधारा पर प्रकाश डाला गया. साथ ही पौधारोपण किया. इस मौके पर नीरज त्रिपाठी भैरूंदा, दिलीप माहेश्वरी निन्नोर, खंड प्रचारक आशीष, सुरेश राठौर, राकेश कीर, हरिसिंह, अजय पटेल, जसवंत पटेल सहित बड़ी सं या में स्वयंसेवक उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता महर्षि आश्रम प्रबंधक अशोक खरे ने की. उन्होंने सभी पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया.



## सागर आगमन पर राज्यपाल का स्वागत

**सागर.** राज्यपाल मंगू भाई पटेल का ढाना हवाई पट्टी पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया. इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, संभागायुक्त अनिल सुचारी, आईजी हिमानी खन्ना, डीआईजी सचेंद्र सिंह चौहान, एसपी विकास साहवाल,जिपं सीईओ विवेक के. वी. अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने भी स्वागत किया.

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान को मिली गति

**टीकमगढ़।** प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्य प्रदेश शासन पशुपालन विभाग भोपाल के द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में दुग्ध उत्पादन के लक्ष्य को दोगुना करने के लिए 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अमले सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, गौमैत्री, गौसेवकों के द्वारा पशुपालकों के घर घर जाकर सर्वे कार्य सम्पादित कराया जायेगा। इसका मुख्य उदेद्श्य दुग्ध उत्पादन को दुगना करने के लिए, नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, पशु स्वास्थ्य,पशुधन टीकाकरण, पशुपोषण, हरा चारा ,पशु आहार एवं पशुपालकों को जागरूक करना है। कार्यक्रम तीन चरण में संचालित किया जायेगा। जिला टीकमगढ़ अन्तर्गत विकासखण्ड टीकमगढ़ अन्तर्गत आने वाले 143 ग्राम एवं 57 वार्ड, विकासखंड बल्देवगढ़ अन्तर्गत आने वाले 156 ग्राम एवं 30 वार्ड, विकासखण्ड पलेरा अन्तर्गत आने वाले 135 ग्राम एवं 15 वार्ड विकासखण्ड जतारा अन्तर्गत आने वाले ग्राम 196 एवं 30 वार्ड के अन्तर्गत कुल-762 ग्राम पंचायत शामिल हैं।

## अचानक बारिश से हुई ठंडक

**गुलाबगंज,** दोपहर चार बजे अंधेरा छाया रहा आधे धंटे बाद मौसम ने करवट ली व एक धंटे तक बारिश ने माहौल खुशनुमा कर दिया जहां धान की फसल को फायदा है वहीं आए हुए सोयाबीन जो खेत में खड़े हैं व कटी फसल में रंगत बदल सकती है गर्मी से लोगों को निजात मिली वातावरण में ठंडक होने से मौसम खुशनुमा रहा.

## समय पर पता चले तो कैंसर का इलाज संभव

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 अक्टूबर. कैंसर का शुरू में पता लगाने से बीमारी से निजात संभव है. जल्दी पता चलने से उपचार की संभावना बढ़ जाती है. कैंसर का इलाज देर से होने पर उपचार से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं और देखभाल की लागत भी ज्यादा होती है.**

उक्त विचार रोटरी एवं इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में जारी दो दिवसीय कैंसर शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अभिजीत देशमुख ने कहे. विशेष अतिथि समाजसेवी अरुणा राय सहित अन्य मौजूद थे.

रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि रोटरी एवं इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में कैंसर शिविर का समापन अरविन्दो अस्पताल के सहयोग से किया गया. शिविर में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हजारों रुपए की जांच निशुल्क कराई. इसमें आठ से अधिक संदिग्ध मरीज मिले जिनको टेस्ट आदि के लिए यहां पर मौजूद डॉक्टरों ने सलाह दी है.

डॉ. पुष्पा कन्नोजिया ने कहा कि कैंसर से बचने के लिए वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, अगर आपका काम ऐसा है कि आप काम के दौरान हानिकर रसायनों के संपर्क में आते हैं तो कैंसर की संभावना बढ़ती है. शिविर में डॉ सुनीता सिसोदिया, डॉ मालती आर्य, डॉ ऋचा आर्य, डॉ श्रेष्ठा सक्सेना, डॉ पुष्पा कनौजिया का स्वागत किया. कार्यक्रम में रोटरी सदस्य हिमांशु मिस्त्री, रघुनंद निगोदिया, सिद्दीकी, हरीश शर्मा, अमित सोनी, डॉ एसआर गट्टाणी, जॉली कुरियन, पंकज जैन, अ बर गुप्ता, विजय शर्मा, नवनीत ठकराल आदि उपस्थित थे.

# ट्रक की चपेट में आए किसान और दो बैलों की मौत

## सुठालिया मार्ग पर लोधीपुरा जोड़ के यहां हुई घटना

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 अक्टूबर, का. रविवार की सुबह सुठालिया रोड पर लोधीपुरा जोड़ के यहां एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसकी चपेट में आने से एक पैदल राहगीर ग्रामीण एवं दो बैल की दु:खद मौत हो गई.**

सिटी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यावरा- सुठालिया मार्ग पर रविवार सुबह लोधीपुरा जोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में खेत पर जा रहे एक ग्रामीण और उनके दो बैलों की ट्रक की चपेट में आने से दु:खद मौत हो गई.



जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 6 बजे सुठालिया तरफ से से आ रहा ट्रक बेकाबू होकर पलट गया. उसी समय ग्रामीण रामप्रसाद पिता धूलजी लोधा उम्र 55 वर्ष बैलों को लेकर खेत पर जा रहे थे. ग्रामीण एवं उनके दो बैल ट्रक की चपेट में आ गये. घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीण को बाहर निकालकर सिविल अस्पताल ब्यावरा लाया गया.

### तेज रफ्तार दौड़ा रहा था ट्रक

प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार भारी लोड लेकर जा रहे ट्रक को चालक बहुत तेज गति से चला रहा था. बताया जाता है कि ग्राम बरखेड़ा के समीप भी वह दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बाल-बाल बचा और लोधीपुरा जोड़ के यहां ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. सिटी थाना पुलिस ने ट्रक जप्त कर मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस के अनुसार चालक की पहचान कर ली गई है. उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. सिटी पुलिस के अनुसार ट्रक को जप्त कर चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.

# करंट से एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

नवभारत न्यूज

**सांची,नगर में बिजली व्यवस्था अब लोगों के लिए जानलेवा बनती जा रही है.घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारें किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती हैं। कुछ ही दिनों में करंट लगने की यह दूसरी बड़ी घटना है, जिसने नगरवासियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है.**

जानकारी के अनुसार, हाल ही में घर की छत से गुजरे बिजली तार टूटने के कारण एक ही परिवार के सात सदस्य करंट की चपेट में आ गए थे. सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था. इस



हादसे की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि शुक्रवार की रात एक और दर्दनाक घटना हो गई.नगर की हेडगेवार कॉलोनी में 32 वर्षीय रुद्र प्रताप सिंह, पिता उदयभान सिंह (सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी) अपने साथी अनिकेत उर्फ हनी के साथ घर की छत पर था. तभी छत के ऊपर से गुजर रहे नंगे बिजली तार की चपेट में आने से दोनों करंट से झुलस गए.रुद्र प्रताप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हनी को गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है.

मृतक रुद्र प्रताप के परिजन पोस्टमार्टम उपरांत उनके पार्थिव शरीर को गृह जिले रायबरेली अंतिम संस्कार हेतु ले गए.लगातार हो रही इन घटनाओं से नगरवासी सहमे हुए हैं1 कई मकानों की छतों के ऊपर से गुजर रहे पुराने तारों के कारण लोगों में डर बना हुआ है, लेकिन अब तक विद्युत विभाग या प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.

## उपचार शिविर कल

**सागर.** श्वांस, दमा, खांसी और अस्थमा जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क औषधि वितरण शिविर का आयोजन 7 अक्टूबर शरद पूर्णिमा को श्री झूलेलाल सामुदायिक भवन, संत कंवरराम वार्ड में किया जाएगा. यह शिविर स्वामी प्रेमदास साहिब थल्हा दरबार द्वारा आयोजित किया जा रहा है. शिविर में विशेष प्रकार की जड़ी-बूटी से तैयार दवा चावल और दूध के हलवे के साथ दी जाएगी. यह औषधि शरद पूर्णिमा की रोशनी में तैयार की जाती है और इसे संस्था पिछले 27 वर्षों से गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में नि:शुल्क सेवा के रूप में प्रदान कर रही है. रोगियों की रिपोर्ट के अनुसार इस औषधि से दमा और अस्थमा के रोगियों को उल्लेखनीय लाभ हुआ है.

## जिले में सक्रिय हुए झोलाछाप चिकित्सक

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। राज्य सरकार द्वारा जारी एक आदेश के बाद जिले के झोलाछाप चिकित्सकों में हड़कंप मचा गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में कई झोलाछाप चिकित्सक अपनी अवैध क्लीनिक बंद नदारद हो गए थे। लेकिन कुछ दिनों की सख्ती के बाद अब प्रशासन भी शांत हो गया है। कहीं भी टीम सक्रिय नजर नहीं आ रही है।**

इसके चलते झोलाछाप चिकित्सकों की दुकानें एक बार फिर खुल गई हैं और इस बार दिन-दहाड़े किराना दुकानों की तरह शटर खोलकर उपचार के नाम पर मरीजों और उनके परिजनों को ठगा जा रहा है। झोलाछाप चिकित्सकों की सक्रियता का अंदाजा बात से लगाया जा सकता है कि किसी ने कोठी बना



ली है तो किसी ने महंगी गाडियां खरीद लीं। कोई स्वयंभू विशेषज्ञ बना बैठा है तो कोई उनक बड़े व निजी अस्पतालों के दलाल के रूप में काम कर रहा है जो अशोकनगर जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में संचालित हैं।

खास बात यह है कि जिले के स्वास्थ्य विभाग ने अब तक ऐसा कोई आंकड़ा सार्वजनिक नहीं किया है जिससे यह पता चल सके कि कौन सा चिकित्सक रजिस्टर्ड है और कौन फर्जी।

**आयोजन** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजन

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का निकला पथ संचलन

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। शहर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 होने के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य सादगी भरे अंदाज में कदमताल बनाकर चल रहे थे। पथ संचलन शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाला गया।**

आयोजन के बारे में संघ के जिला प्रचार प्रमुख रतन सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ये आयोजन हो रहे हैं। 5 से 15 अक्टूबर तक टीकमगढ़ नगर की 12 बस्तियों और 66 मंडलों में शस्त्र पूजन और बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी। यह वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष है। विजयादशमी को अधर्म पर धर्म की विजय और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक माना जाता है। डॉ. हेडगेवार का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना था। उनका मानना था कि राष्ट्र की रक्षा के लिए संगठित शक्ति आवश्यक है और यह विचार आज भी प्रासंगिक है।

### 15 अक्टूबर तक जारी रहेंगे बौद्धिक कार्यक्रम

विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म की विजय और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। सिंह ने बताया कि विजयादशमी पर संघ मुख्यालय नागपुर में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का उद्बोधन होगा। इसीक्रम में नगर की 12 बस्तियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 66 मंडलों में शस्त्र पूजन एवं बौद्धिक कार्यक्रम 5 से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक आयोजित होंगे।

## साइबर अपराधों से बचने के सुझाव

**गुना।** बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार के द्वारा अपने स्टाफ के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम तिल्लीखेड़ा में ग्रामीणों को साइबर जागरूकता हेतु नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक शेयरिंग, बैंक धोखाधड़ी आदि साइबर अपराधों के तरीकों की जानकारी दी गई एवं इन अपराधों से बचाव के उपाय भी समझाए गए । साथ ही बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर व्यक्तिगत जानकारी, अथवा बैंक विवरण साझा न करें।